# "AI इन्फ्रास्ट्रक्चर: ऊर्जा दक्षता और स्केलेबिलिटी" पर विशेष व्याख्यान

साइंस कॉलेज के कम्प्यूटर साईंस एवं सूचना प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा 12 मार्च 2025 को "AI इन्फ्रास्ट्रक्चर: ऊर्जा दक्षता और स्केलेबिलिटी" पर एक विशेष व्याख्यान आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में AI तकनीकी विकास के ऊर्जा उपयोग और स्केलेबिलिटी पर चर्चा की गई। प्रमुख वक्ता श्री विश्वनाथ ताम्रकार सहायक प्राध्यापक शास. मॉडल कॉलेज दुर्ग, ने बताया कि AI मॉडल्स की बढ़ती मांग से ऊर्जा खपत में वृद्धि हो रही है, और इसे नियंत्रित करने के लिए उन्नत हार्डवेयर और नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों का उपयोग आवश्यक है। व्याख्यान में AI इन्फ्रास्ट्रक्चर के लिए ऊर्जा दक्षता बढ़ाने के समाधान और भविष्य की दिशा पर भी विचार किया गया।

यह कार्यक्रम संस्थान के छात्रों और उद्योग के विशेषज्ञों के लिए अत्यधिक जानकारीपूर्ण रहा। इस कार्यक्रम मे गणित विभाग के प्राध्यापक डॉ. राकेश तिवारी एवं  कंप्यूटर विज्ञान के विभागाध्यक्ष डॉ. सनत कुमार साहू, प्राध्यापक श्री दिलीप साहू व अतिथि व्याख्याता  गण सम्मिलित  हुये। कार्यक्रम के अंत में विभाग के डॉ. लतिका ताम्रकार, सहायक प्राध्यापक (आईटी) ने धन्यवाद ज्ञापित किया।







